हुक्म

**आदेशिका**
**अपर एवं सेषन न्यायालय, बिलाड़ा**
**सरकार बनाम रमेश चन्द्र वगैरा**
**प्रकरण संख्या 50/2022**

नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए

**15/12/25** विशिष्ट लोक अभियोजक उपस्थित। अभियुक्त रमेश चन्द्र अनुपस्थित जिनकी आज की हाजरी माफी जरिये अधिवक्ता पेश हुई जो आज के लिए स्वीकार की जाती है। गवाह कोई उपस्थित नहीं। गवाह संख्या 18 हुकमसिंह का बीडब्ल्यू बाद तामील प्राप्त हुआ है। गवाह संख्या 18 हुकमसिंह को एडब्ल्यू से तलब किया जावें। शेष सभी गवाहों की तामिल अदम तामील प्राप्त हुई है। पुन शेष सभी गवाहान को गतादेशानुसार तलब किया जावें। वारण्ट पर लाल स्याही से नोट अंकित किया जावें कि प्रकरण माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय द्वारा निर्धारित प्रकरणों में क्रम संख्या 13 पर है। गवाह की तामील डी.ओ लेटर के साथ संबंधित एसपी व संबंधित थानाधिकारी को भेजकर लिखा जावें कि तामील आवश्यक रूप से करवाई जावें। अदम तामील की सुरत में हर हाल में तामील कुनिन्दा तथा संबंधित थानाधिकारी न्यायालय में उपस्थित होकर अपना स्पष्टीकरण पेश करें। तामील की एक प्रति अपर लोक अभियोजक को दस्ती दी जाकर लिखा जावें की गवाह को बार–बार तलब किया जा रहा है। गवाह उपस्थित नहीं हो रहा है। अतः विशिष्ट लोक अभियोजक अपने स्तर पर गवाह को उपस्थित रखें। पत्रावली साक्ष्य अभियोजन हेतु दिनांक 23-12-25 को पेश हो।

विशिष्ट न्यायाधीश
न्यायालय
एन.डी.पी.एस. एक्ट कैसेज,
बिलाड़ा, जोधपुर जिला

**23/12/25** विशिष्ट लोक अभि० उप०। मुल० अनु०। गवाह अनु०। श्रीमान P.O. साहब आज अवकाश पर है वास्ते उचित आदेश हेतु दि० 5-1-26 को पेश हो। रीडर

**5/1/26** विशिष्ट लोक अभि० उप०। मुल० अनु०। मुल० की हा० मा० जरिये वकील पेश हुई जो बाद सुनवायी आज हेतु स्वीकार की गयी। हा० मा० हो। गवाह उप० नहीं है गवाह की तामील अदम आयी है

लगातार- -

...लगातार गवाह पुनः गतादेशानुसार D.O. लेटर से तलब कर नोट लगाया जावे कि प्रकरण टारगेट प्रकरणों सुचि मे 13 नं० पर है अतः विशेष वाहक नियुक्त कर आवश्यक रूप से व्यक्तिगत तामील करावे अदम तामील की सूरत मे तामील कुनिन्दा रोजनामचे की रपट के साथ स्वयं उप० आवे तामील की एक प्रति विशिष्ट लोक अभि० को दस्ती दी जाकर लिखा जावे की गवाह को अपने स्तर पर पेश करे मिसल वास्ते साक्ष्य अभि० हेतु दि० 15-1-26 को पेश हो। तामील आज ही जारी हो।

विशिष्ट न्यायाधीश
न्यायालय
एन.डी.पी.एस. एक्ट कैसेज
बिलाड़ा, जोधपुर जिला